c) M/s Doosan to carry out disposal of one old RMQC presently retained by JNPT only after supply of one new RMQC. Since this is deviation in the work -2 of 3 RMQC contract of the respective clauses to be suitably amended.

पूरक करार के अनुसार मे. दूसन ने दिसम्बर 2012 में एक आरएमक्यूसी तथा एक आरएमजीसी की आपूर्ति की । साइट पर आगमन के बाद नए आरएमक्यूसी को 31 दिस. 2012 से तथा आरएमजीसी को 19 फरवरी 2013 से वाणिज्यिक प्रचालनों के लिए तैनात किया गया है ।

मे. दूसन ने पुरानी आरएमक्यूसी क्रेन को निपटान के लिए उथले जल घाट पर स्थानांतरित किया । तथापि पत्तन को आज की तारीख तक सीमा शुल्क विभाग से अनुमति प्राप्त करना शेष है । अत: मे. दूसन निपटान के लिए इस मामले में अगली कार्रवाई नहीं कर सके ।

6. विशेष आर्थिक क्षेत्र चरण-I का प्रस्ताव

पत्तन ने अपनी भूमि परिसम्पत्तियों के बेहतर उपयोग के लिए मेसर्स आईएल एंड एफ एस इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (आईआईडीसी) को तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने हेतु कार्य सौंपा तथा मंडल ने अगस्त, 2009 में उक्त का अनुमोदन किया । चरण-I में लगभग 277 हेक्टेयर भूमि बहु-उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित की जानी है । विशेष आर्थिक क्षेत्र चरण-I परियोजना की मूलभूत लागत रु. 284 करोड़ आँकी गई है तथा ऊर्ध्वमुखी विकास लागत रु. 1900 करोड़ आँकी गई है । वाणिज्य मंत्रालय ने मार्च, 2010 में सिद्धांतत: अनुमोदन दिया है तथा स्थल का निरीक्षण करने के बाद एसईईपीजेड के विकास आयुक्त ने फरवरी, 2012 में अधिसूचना हेतु संस्तुति दी । पत्तन ने निविदा आधार पर प्लाटों को आबंटित करने का प्रस्ताव किया जिन्हें विभिन्न उद्देश्यों के लिए अलग-अलग किया जाएगा । मंडल ने नवम्बर, 2011 में हुई अपनी बैठक में संकल्पना/विकास योजना के लिए परियोजना सलाहकार, परामर्शदाता को कार्य पर रखने के लिए अनुमोदन दिया तथा परियोजना प्रबंधन सलाहकार मंत्रालय से प्राप्त होने वाले अनुमोदन के अधीन हैं ।

रु. 284 करोड़ की मूलभूत विकास लागत के लिए संशोधित व्यय एवं वित्त ज्ञापन 19 जुलाई, 2012 को अनुमोदन के लिए पोत परिवहन मंत्रालय को भेजा गया तथा अनुमोदन मिलना अभी शेष है । मंडल के अनुमोदन से पत्तन ने मे. अर्नस्ट एवं यंग- टाटा कन्सलटेन्सी इन्जनीयर्स (टीसीएस)व्यापारिक संघ को परियोजना सलाहकार के रूप में 25 मार्च 2013 को नियुक्त किया है । सलाहकार सेवाओं की अवधि 3 वर्ष है । विकास आयुक्त की अधिसूचना प्रतीक्षित है ।

7. पहला निकर्षण

मुंबई हार्बर चैनल एवं जने पत्तन चैनल (चरण-I) को चौड़ा एवं गहरा करने की लागत रु. 1571.60 करोड़ आँकी गई है । पोत-परिवहन मंत्रालय ने परियोजना के लिए सिद्धांतत: अनुमोदन दे दिया है । वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से 01/08/2012 को रु. 1370.65 करोड़ के उदृधत मूल्य पर पहले निकर्षण का कार्य मे. बोस्कल्स इंटरनेशनल को सौंप दिया गया है । कार्य प्रगति पर है एवं 15 प्रतिशत कार्य मार्च 2013 तक पूर्ण कर लिया गया है।

As per the supplementary agreement M/s Doosan supplied 1 RMQC & 1 RMGC in December 2012. After commissioning at site the new RMQC has been deployed for commercial operation from 31st Dec 2012 and RMGC from 19th Feb 2013.

M/s Doosan shifted the old RMQC to Shallow Water Berth for disposal. However the Port is to receive clearance from customs till date. Hence M/s Doosan could not take further action for disposal in this matter.

6. PROPOSAL FOR SPECIAL ECONOMIC ZONE PHASE - I :

To make better use of its land assets the Port has engaged M/s IL&FS Infrastructure Development Corporation (IIDC) for preparing Techno Economic Feasibility Report and same was approved by Board in August, 2009. In Phase -I about 277 hectares of land are to be developed as Multi-product SEZ. The infrastructure cost of SEZ Phase -I project is assessed as Rs. 284 Crs and vertical development cost is assessed as Rs.1900 Crs. Ministry of Commerce has given the in principle approval in March, 2010 and Development Commissioner, SEEPZ after inspection of the site recommended for notification in February, 2012. The Port proposes to allot the plots on tender basis which will be earmarked and sequenced for different purposes. The Board in its meeting held on November, 2011 approved the engagement of project advisor, consultant for design/development plan and project management consultant subject to approval to be received from the Ministry.

The revised EFC memo for infrastructure development costing Rs.284 Crs was sent to Ministry of Shipping for approval on 19th July, 2012 and approval is still awaited. With the approval of the Board, the Port has engaged, M/s Ernst & Young – Tata Consultancy Engineers (TCS) consortium on 25th March, 2013 as project advisor. The duration of advisory services is 3 years. The notification by the Development Commissioner is awaited.

7. CAPITAL DREDGING :

The deepening & widening of Mumbai Harbour Channel & JN Port Channel (Phase – I) has been estimated to cost Rs.1571.60 Crs. Ministry of Shipping has accorded in approval for the project. The Capital Dredging work has been awarded to M/s. Boskals International at the quoted price of Rs.1370.65 Crs. on 01/08/2012 through global competetive bidding. The work is in progress and 15% work has been completed upto March 2013.

9. आयकर से संबंधित मामले

निर्धारण वर्ष 2012-13 के लिए आयकर विवरण फाइल कर दिया गया है। निर्धारण वर्ष 2010-11 तक निर्धारण पूर्ण कर लिया गया है । वर्तमान निर्धारण वर्ष के अनुसार स्थिति निम्नलिखित है :

निर्धारण वर्ष 2003-04 से वर्ष 2005-06 तक :	आयकर अपील अधिकरण, मुंबई के दि. 30 सितम्बर, 2010 के आदेश के आधार पर धारा 12 एए के तहत पंजीकरण के परिणामस्वरूप कर में छूट का लाभ न देते हुए निर्धारण अधिकारी ने नए सिरे से निर्धारण प्रारंभ किया है । जनेप न्यास ने निर्धारण अधिकारी द्वारा पारित ऐसे निर्धारण आदेश के विरुद्ध आयकर आयुक्त, ठाणे के पास अपील दायर की । अपील की सुनवाई जारी है ।
निर्धारण वर्ष 2006-07 से वर्ष 2007-08 तक :	जनेप न्यास ने उक्त निर्धारण वर्षों के लिए निर्धारण अधिकारी द्वारा पारित निर्धारण आदेश के विरुद्ध आयकर अपील अधिकरण, मुंबई में अपील दायर कर दी है तथा आयकर अपील अधिकरण का आदेश प्राप्त हो गया है ।
निर्धारण वर्ष 2008-09 से 2009-10 तक :	जनेप न्यास ने उक्त निर्धारण वर्षों के लिए निर्धारण अधिकारी द्वारा पारित निर्धारण आदेश के विरुद्ध आयकर अपील अधिकरण, मुंबई में अपील दायर कर दी है ।
निर्धारण वर्ष 2010-11 :	उक्त वर्ष के लिए निर्धारण आदेश प्राप्त हुआ है तथा आयकर आयुक्त (ए) ठाणे में अपील दायर कर दी गई है ।
निर्धारण वर्ष 2011-12 :	29 सितम्बर 2011 को विवरणी फाइल की गई ।
निर्धारण वर्ष 2012-13 :	29 सितम्बर 2012 को विवरणी फाइल की गई ।

10. कर/अग्रिम कर के लिए प्रावधान

पत्तन ने निर्धारण वर्ष 2013-14 के दौरान टीडीएस सहित रु. 216.00 करोड़ के अग्रिम आयकर का भुगतान किया है । रु.218.00 करोड़ के लिए कर हेतु प्रावधान कर दिया गया है । वर्ष के दैरान निर्धारण वर्ष 2012-13 के लिए स्वत:निर्धारण कर के विरुद्ध रु.24.12 करोड़ का भुगतान भी किया गया है ।

11. पत्तन परिसम्पत्तियों का बीमा :

सूनामी, चक्रवात आदि घटनाओं तथा मंत्रालय से प्राप्त निदेशों एवं भारतीय पत्तन संघ द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए पत्तन ने मार्च, 2006 से एक स्वतंत्र मूल्यांकक से पत्तन परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन कराने के बाद एक विस्तृत पत्तन पैकेज नीति तैयार की है । विस्तृत पत्तन पैकेज नीति में निम्नलिखित बीमा रक्षा क्षेत्र आते हैं :-

9. INCOME TAX RELATED MATTERS :

Income Tax Return is filed for the Assessment Year 2012-13. Assessment is completed till Assessment Year 2010-11. The present assessment year-wise status is as follows :

AY 2003-04 to 2005-06	Based on order dated 30th Sept.,2010 of ITAT, Mumbai the assessing officer has done de-novo assessment without giving benefit of tax exemption as the result of registration u/s12AA. JNPT has filed appeal against such Assessment Orders passed by Assessing Officer with CIT(A), Thane. The hearing of appeal is in progress.
AY 2006-07 to 2007-08	JNPT has filed appeal against Assessment Order passed by Assessing Officer in ITAT Mumbai for the said assessment years and ITAT order has since been received.
AY 2008-09 to 2009-10	JNPT has filed appeal against Assessment Order passed by Assessing Officer in ITAT Mumbai for the said assessment years.
AY 2010-11	Assessment Order for the said year has been received and appeal has been filed with the CIT(A), Thane
AY 2011-12	Return filed on 29th Sept.2010.
AY 2012-13	Return filed on 28th Sept.2011.

10. PROVISIONS FOR TAX/ADVANCE TAX :

The Port has paid advance income tax amounting to Rs.216.00 Crs. including TDS during the year for A.Y. 2013-14. Provision for tax has been made for Rs.218.00 Crs. An amount of Rs.24.12 Crs. has also been paid during the year against self assessment tax for A.Y.2012-13.

11. INSURANCE OF PORT ASSETS :

In view of incidents like Tsunami, Cyclones etc., and directives received from Ministry as well as report of committee constituted by IPA, the Port finalized the Comprehensive Port Package Policy w.e.f. March, 2006 after valuation of certain Port s Assets by an Independent Valuer. The comprehensive Port Package Policy comprises of the following Insurance cover:

1) भूकम्प जोखिम की पॉलिसी के साथ स्टैण्डर्ड फायर एवं विशेष जोखिम पॉलिसी (पत्तन प्रचालन क्षेत्र एवं नगरक्षेत्र से बाहर स्थापित परिसम्पत्तियों के लिए)
2) विस्तृत पत्तन पैकेज - सम्पत्ति
3) विस्तृत पत्तन पैकेज - देयता
4) विस्तृत पत्तन पैकेज - व्यापार व्यवधान (एफएलओपी/एमएलओपी/पत्तन कामकाज में बाधा, मलबे का निष्कासन)
5) समुद्री पेटा - प्लवन नौकाएँ
6) आतंकवाद से विशेष सुरक्षा

पत्तन परिसम्पत्तियों के लिए बीमा की गई मौजूदा राशि लगभग रु. 2450 करोड़ है । वर्तमान व्यापक पत्तन पैकेज पॉलिसी को दि. 1.10.2012 से 30.9.2013 तक 1 वर्ष की अवधि के लिए सेवा-कर सहित रु. 6.14 करोड़ की किस्त पर नवीकृत किया गया ।

12. एसाइड योजना के तहत राज्य सरकार को अंशदान

मंत्रालय ने दि. 18 फरवरी 2013 के पत्र सं. पीओ-28025/8/2006-पीएलएन के अनुसार एसाइड योजना के तहत पत्तन को राज्य सरकार की निधियों में अंशदान करने का निदेश दिया । तदनुसार पत्तन ने मुख्य भूमि संपर्क में उरण एवं पनवेल तालुका में सड़कों के विकास की लागत के संबंध में रू.16.50 करोड़ का अंशदान क़िया । क्योंकि व्यय पत्तन के आस-पास बुनियादी सुविधाओं के विकास से संबंधित है, इसलिए उसका अवसंरचना आरक्षित निधि से भुगतान किए जाने का निणर्य लिया गया है ।

13. प्रशुल्क पुनरीक्षण :

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण के निदेशों के अनुसार प्रशुल्क में वृध्दि के लिए अक्तूबर, 2008 में एक विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । विस्तारपूर्वक स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद प्रस्ताव को वर्ष 2010-11 के वास्तविक आँकड़ों तथा वर्ष 2011-12 से 2012-13 तक के प्राक्कलनों के साथ प्रमाणित किया गया । महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण की दि. 18 मार्च 2011 की प्राप्त अधिसूचना के अनुसार मौजूदा प्रशुल्क में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी की अनुमति नहीं दी गई है । उक्त अधिसूचना 31 मार्च, 2013 तक प्रभावी रहेगी ।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण के अगले निदेशों के अनुसार वर्ष 2011-12 के वास्तविक आँकड़ों को आधार मानकर वर्ष 2013-14 से 2015-16 तक के प्रशुल्क का नया प्रस्ताव 5 अक्तूबर, 2012 को महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण को प्रस्तुत किया गया । पत्तन 1 अप्रैल, 2013 से प्रशुल्क में संशोधन की प्रतीक्षा कर रहा है क्योंकि पूर्व अधिसूचना की वैधता आज की तारीख तक बढ़ायी नहीं गई है ।

1. Standard Fire & Special Perils Policy with Earthquake extension (for assets outside Port operational area and township).
2. Comprehensive Port Package – Property
3. Comprehensive Port Package - Liability
4. Comprehensive Port Package –Business Interruption (FLOP/MLOP/Port Blockage, Wreck removal)
5. Marine Hull – Floating Crafts
6. Stand alone terrorism cover

The current sum insured for the Port assets is around Rs.2450 Crs. The current comprehensive Port Package Policy was renewed w.e.f. 01/10/2012 for a premium of Rs.6.14 Crs.including service tax for the period of 1 year upto 30.09.2013.

12. CONTRIBUTION TO STATE GOVT. UNDER ASIDE SCHEME :

Ministry vide letter no. PO-28025/8/2006-PLN dated 18th February 2013 directed Port to contribute funds to State Govt. under ASIDE scheme. Accordingly Port has contributed Rs. 16.30 Crs. towards cost of improvement of Roads in Uran & Panvel Taluka in hinter land connectivity. As the expenditure relates to creation of infrastructure facilities in the vicinity of the Port the same has been considered to be paid out of Infrastructure Reserve.

13. TARIFF REVISION :

As per the directions of TAMP a comprehensive proposal was submitted in October, 2008 for increase in tariff. After giving detailed clarifications the proposal was substantiated with the actuals of the year 2010-11 and estimates for the year 2011-12 to 2012-13. As per Notification of TAMP dtd. 18th March, 2011 received no increase in the prevailing tariff has been allowed. The said notification will be in force till 31st March, 2013.

As per the further directions of TAMP fresh proposal for the tariff cycle 2013-14 to 2015-16 was submitted to TAMP on 5th October 2012 with the actuals of the year 2011-12 as base. The Port is awaiting Tariff Revision w.e.f. 1st April 2013 as the validity of the earlier notification has not been extended till date.

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण ने जीटीआईपीएल/एपीएम टर्मिनल के संबंध में अपने दि. 19.01.2012 के अधिसूचना आदेश द्वारा कारगो से संबंधित प्रशुल्क दरों में 23 फरवरी, 2012 से 44.28 प्रतिशत कटौती कर दी है । यह कटौती 01/04/2010 से प्रभावी उक्त प्रशुल्क दरों में 10 प्रतिशत की कटौती के अतिरिक्त है । इससे वर्ष 2012-13 में पत्तन को प्राप्त राजस्व हिस्से पर विपरीत प्रभाव पड़ा है ।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण ने एन एस आई सी टी /डी पी वर्ल्ड के संबंध में अपने दि. 14.02.2012 के अधिसूचना आदेश द्वारा कारगो से संबंधित प्रशुल्क दरों में 16.03. 2012 से 27.85 प्रतिशत कटौती कर दी है ।

14. भविष्य निधि, उपदान निधि एवं पेंशन निधि के लिए न्यास :

आयकर अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन करने के लिए मंडल के अनुमोदन से निम्नलिखित के लिए अलग न्यासों का गठन किया गया है जो 31/03/2003 से प्रारंभ हुए ।

क्रम. सं.	निधि का नाम	न्यास का नाम
१	भविष्य निधि	ज.ने. पत्तन कर्मचारी भविष्य निधि न्यास
२	उपदान निधि	जवाहरलाल नेहरू पत्तन कर्मचारी उपदान न्यास
३	पेंशन निधि	जवाहरलाल नेहरू पत्तन अधिवर्षिता न्यास

आयकर विभाग इन न्यासों और बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित वार्षिक योगदान के विषय में भारतीय जीवन बीमा निगम के पास जमा की गई राशि को मान्यता दे चुका है । उपर्युक्त के अतिरिक्त बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित पत्तन की छुट्टी नकदीकरण देयता भी भारतीय जीवन बीमा निगम के पास जमा कर दी गई है । मंत्रालय ने दि. 19 मई, 2005 के पत्र सं.पीआर-24021/20/2004-पीजी के द्वारा उक्त करार का "सिद्धांतत:" अनुमोदन कर दिया है ।

सेवानिवृत्ति के लाभों हेतु अंशदान

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	विवरण	31.3.2013 को देयता	सितंबर, 2011 में निधि मूल्य	वर्ष के दौरान किया गया अंशदान	31.3.2013 को ओएसएल	31.3.2013 अनिधिबद्ध देयता
1	पेन्शन निधि	439.85	237.45	11.16	102.65	191.24
2	उपदान निधि	72.95	61.94	0.18	10.77	10.83
3	छुट्टी नकदीकरण निधि	45.75	28.91	0.02	9.48	16.82
	कुल	558.55	328.30	11.36	122.90	218.89

TAMP vide its notification order dated 19.01.2012 has reduced the cargo related tariff rates in respect of GTIPL/APM Terminal by 44.28% w.e.f. 23rd February 2012. This reduction is in addition to the reduction of 10% in the said tariff rates w.e.f. 01.04.2010. This development has adversely affected the revenue share received by the Port for the year 2012-13.

TAMP vide its notification order dated 14.02.2012 has reduced the cargo related tariff rates in respect of NSICT/DP WORLD by 27.85% w.e.f. 16.03.2012.

14. TRUSTS FOR PROVIDENT FUND, GRATUITY FUND & PENSION FUND :

In order to comply with the provisions of Income Tax Act, separate Trusts were created with the approval of the Board in respect of the following and came into existence on 31.3.2003.

Sr. No.	Name of Fund	Name of the Trust
1.	Provident Fund	JN Port Employees Provident Fund Trust
2.	Gratuity Fund	JN Port Employees Gratuity Trust
3.	Pension Fund	JN Port Superannuation Trust

Income Tax Dept. has since granted recognition to these Trusts and amounts pertaining to Gratuity and Pension are being deposited with Life Insurance Corporation of India towards annual contribution based on the actuarial valuation. In addition to the above, Leave Encashment liability of the Port is also deposited with L.I.C. based on the actuarial valuation. Ministry vide letter No.PR-24021/20/2004-PG dated 19th May 2005 have granted 'in principle' approval to the above arrangement.

Contribution for Retirement Benefits

(Rs in Crs.)

Sr. No.	Particulars	Liability as on 31.03.2013	Fund value as on Sep.,2011	Contribution made during the year	OSL as on 31.03.2013	Unfunded Liability as on 31.03.2013
1	Pension Fund	439.85	237.45	11.16	102.65	191.24
2	Gratuity Fund	72.95	61.94	0.18	10.77	10.83
3	Leave Encashment Fund	45.75	28.91	0.02	9.48	16.82
	Total	558.55	328.30	11.36	122.90	218.89

वित्तीय वर्ष 2003-04 से वित्तीय वर्ष 2010-11 तक बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार सभी देयताओं का अशंदान के माध्यम से पूरी तरह से प्रावधान किया गया है ।

31.3.2013 को इन निधियों के कारण कुल देयता रु. 558.55 करोड़ निकलती है तथा 31.3.2013 को इन निधियों का कुल मूल्य रु. 328.30 निकलता है ।

वित्तीय वर्ष 2012-13 में इन निधियों में रु.11.36 करोड़ के कुल अंशदान तथा लेखों में रु. 122.90 करोड़ के साथ वर्ष के दौरान तीन निधियों की कमी देयता रु. 218.89 करोड़ है ।

15. टैंक फार्म प्रचालकों से पट्टा किराया :

तुलन पत्र के अनुसार पट्टा किराए, वे-लीव, बिछाई गई पाइप लाइन तथा जल प्रभारों (न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय को छोड़कर) के कारण टैंक फार्म प्रचालकों से बड़ी मात्रा में बकाया राशि शेष है, जो अत्यंत चिंता का विषय है । 31/3/2013 को यह राशि रु. 234.30 करोड़ निकलती है । न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय के अर्थदण्ड के सबंध में तैयार बीजक विवादित हैं तथा कुछ भी राशि नहीं आ रही है एवं सारे मामले को मध्यस्थता के लिए भेजा गया है । मध्यस्थता की प्रक्रियाएं अभी भी जारी हैं । केवल न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय के कारण ही टैंक फार्म प्रचालकों से कुल बकाया राशि 31/3/2013 को रु. 190.07 करोड़ निकलती है तथा जिसमें से रु. 143.46 करोड़ वर्तमान परिसम्पत्तियों का हिस्सा है ।

16. बकाया राशि पर दंड स्वरूप ब्याज :

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण के निदेशों के अनुसार पत्तन को ग्राहकों से बकाया राशि पर दंड स्वरूप ब्याज वसूल करना है । तथापि संपदा किराया, दोनों टैंक फार्म एवं अन्य मामलों में अधिकतर बकाया राशि विवादित है और मामले का निपटारा अभी होना है । जब मूलधन की राशि ही विवादित है तो उस पर दंड स्वरूप ब्याज वसूल करना उचित नहीं समझा गया । लेखाकरण मानक - 9 "राजस्व लेखायन" के अनुसार यदि बिक्री या सेवाएं देते समय राजस्व के अंतिम संग्रहण में बड़ी अनिश्चितता हो तो राजस्व लेखायन को स्थगित कर दिया जाता है तथा ऐसे मामलों में राजस्व को लेखे में तभी लिया जाना चाहिए जब यह ठीक तरह से निश्चित हो जाए कि अंतिम संग्रहण किया जाएगा । तदनुसार उक्त को टैंक फार्म एवं न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय के बकायों पर प्रभारित नहीं किया गया है ।

All the liabilities have been fully provided for by way of contribution as per actuarial valuation from the FY 2003-04 to FY 2010-11.

The total liability on account of these three Funds stood at Rs 558.55 Crs. on 31.03.2013 and the total value of these Funds stood at Rs 328.30 Crs as on 31.03.2013. With the total contribution of Rs.11.36 Crs. in FY 2012-13 to these Funds, and provision of Rs.122.90 Crs.in the books, the shortfall liability during the year for the three funds is Rs.218.89 Crs.

15 LEASE RENTALS FROM TANK FARM OPERATORS :

One of the major areas of concern reflected in the Balance Sheet is the huge Outstandings from Tank Farm Operators on account of Lease Rentals, Way-Leave, Buried Pipeline and Water Charges, (excluding MGT) which stands at Rs.234.30 Crs.as on 31.3.2013. The Invoices raised in respect of penalty for Minimum Guaranteed Throughput (MGT) have been disputed and no amount is forthcoming and the entire matter has been referred for arbitration. The arbitration proceedings are still in progress. The total amount due from Tank Farm Operators on account of MGT alone stands at Rs.190.07 Crs.as on 31.03.2013 and of which Rs.143.46 Crs.forms part of Current Assets.

16. PENAL INTEREST ON OUTSTANDING DUES :

As per the directions of the Tariff Authority for Major Port, the Port is to charge penal interest on outstandings from customers. However, in the case of Estate Rentals, both Tank Farm and others most of the outstandings are disputed and the matter is yet to be resolved. When the principal itself is disputed, charging penal interest on the principal has not been considered proper. As per the Accounting Standard-9, "Revenue Recognition", if at the time of rendering of services or sale there is significant uncertainty in ultimate collection of the revenue then the revenue recognition is postponed and in such cases revenue should be recognized only when it becomes reasonably certain that ultimate collection will be made. Accordingly the same is not charged on Estate Rentals, Tank farm & MGT outstandings.

17. बीओटी प्रचालकों को सौंपे गए शेड/अन्य परिसम्पत्तियाँ :

एपीएम टर्मिनल/जीटीआईपीएल के साथ किए गए करार की शर्तों के अनुसार बल्क भंडारण शेडों को उन्हें सौंप दिया गया है तथा उन शेडों को यार्ड बनाने एवं अन्य सुविधाएँ तैयार करने के लिए नष्ट किया जाना है । इसके अलावा कुछ अन्य परिसम्पत्तियों जैसे वैगन लदाई प्लेटफार्म, कैन्टीन आदि को भी उन्हें सौंप दिया गया है । ये परिसम्पत्तियाँ उस रूप में पत्तन को वापस प्राप्त नहीं होंगी, जिस रूप में उन्हें सौंपा गया था । उन्हें सौंपी गई अन्य परिसम्पत्तियों के साथ-साथ ऐसी परिसम्पत्तियों पर पट्टा किराया वसूल किया जा रहा है । अत: इन परिसम्पत्तियों को निर्धारित परिसम्पत्तियों के रजिस्टर से हटा दिया गया है एवं अलग से "सुधार के लिए बीओटी प्रचालकों को सौंपे गए शेडों/परिसम्पत्तियों" के रूप में दिखाया गया है । सौंपे जाने के समय इन परिसम्पत्तियों का ह्रासित मूल्य रु. 54.53 करोड़ था । इन परिसम्पत्तियों का समान किस्तों में 30 वर्षों के लिए परिशोधन किया जा रहा है । 31/03/13 को इनका परिशोधित मूल्य रु. 39.08 करोड़ है ।

18. जलयान यातायात प्रबंधन प्रणाली :

पत्तन , मुंबई पत्तन न्यास द्वारा संस्थापित जलयान यातायात प्रबंधन प्रणाली के संस्थापन एवं आरंभ सहित पूंजी लागत में पचास प्रतिशत की हिस्सेदारी के लिए मुम्बई पत्तन न्यास के साथ प्रोटोकॉल में शामिल हुआ है। जलयान यातायात प्रबंधन प्रणाली का प्रयोग मुख्य रूप से साझा उपयोगकर्ता चैनल के माध्यम से जलयानों के आगमन एवं प्रस्थान की निगरानी के लिए किया जाता है। मुम्बई पत्तन न्यास ने 19.58 करोड़ राशि का व्यय किया है। उपस्कर एवं संस्थापन तथा आरंभ की लागत में पत्तन का हिस्सा रु. 9,79,30,000/- करोड़ है ।

19. संस्थापित एवं प्रयुक्त क्षमता :

प्रहस्तित यातायात और संस्थापित क्षमता का विवरण नीचे दिया जा रहा है :-

(दस लाख टनों में)

विवरण	संस्थापित क्षमता		वास्तविक रूप से प्रयुक्त क्षमता	
	2012-13	2011-12	2012-13	2011-12
बी.पी.सी.एल. (द्रव कार्गो घाट)	5.50	5.50	5.88	6.58
जीटीआईपीएल	26.40	26.40	26.94	24.26
उथले डुबाव घाट	2.10	2.10	1.46	1.97
ज.ने.प.कं.टर्मिनल	15.00	15.00	15.27	13.40
एनएसआईसीटी	15.00	15.00	14.94	19.46
जनेप लंगरगाह	-	-	-	0.08
कुल योग	64.00	64.00	64.49	65.75

17. SHEDS / OTHER ASSETS HANDED OVER TO BOT OPERATOR :

As per terms of agreement with APM Terminal / GTIPL, Bulk storage sheds have been handed over to them which could be demolished for creation of yard and other facilities. In addition, certain other assets like wagon loading platform, canteen etc have also been handed over to them. These assets will not revert back to the Port in the same form in which they were handed over. Lease rentals are being collected on such assets along with all other assets handed over. Hence, these assets have been removed from fixed assets register and shown separately as "Sheds/Assets handed over to BOT operator for modification." The WDV of these assets was Rs.54.53 Crs. at the time of handing over. These assets are being amortised equally over a period of 30 years. The amortised value of these as on 31.03.13 is Rs.39.08 Crs.

18. VTMS :

The Port has entered in to protocol agreement with the Mumbai Port Trust for sharing 50% of the capital cost including installation & commissioning of the Vessel Traffic Management System (VTMS) installed by the Mumbai Port Trust. The VTMS is mainly used for monitoring the arrival and departure of vessels through the common user channel. The Mumbai Port Trust has incurred an amount of Rs. 19.58 Crs. The Port share in respect of cost of the equipment & installation & commissioning is Rs. 9,79,30,000/- Crs.

19. CAPACITY INSTALLED & UTILISED :

The details of traffic handled and capacity installed is given below;

(In Million Tonnes)

Particulars	Capacity Installed		Capacity actually utilized	
	2012-13	2011-12	2012-13	2011-12
BPCL (Liquid Cargo Berth)	5.50	5.50	5.88	6.58
GTIPL	26.40	26.40	26.94	24.26
Shallow Draught Berths	2.10	2.10	1.46	1.97
JNPCT	15.00	15.00	15.27	13.40
NSICT	15.00	15.00	14.94	19.46
JNP Anchorage	—	—	—	0.08
Grand Total	64.00	64.00	64.49	65.75

20. आयातों का मूल्य (सीआईएफ) :

सीआईएफ के आधार पर गणन किया आयातों का मूल्य एवं विदेशी मुद्रा में व्यय नीचे दिए जा रहे हैं :

(करोड़ रुपयों में)

क्रम सं.	विवरण	2012-13	2011-12
1	उपभोज्य एवं कलपुर्जे	3.13	4.25
2	पूंजीगत माल	28.22	140.62
3	प्रशिक्षण, दैनिक भत्ता, सम्मेलन व्यय, अनुरक्षण ठेके इत्यादि के लिए विदेशी मुद्रा व्यय	0.01	0.04
4	अभिदान आदि के लिए विदेशी मुद्रा में व्यय	0.45	0.06
5	आयातित एवं देशी उपभोज्य कलपुर्जों का मूल्य एवं कुल उपभोग में उसका प्रतिशत (करोड़ रुपयों में)	आयातित 3.13 28.98%	आयातित 4.25 44.60%
		देशी 7.67 71.02%	देशी 5.28 55.40%
		कुल 10.80 100.00%	कुल 9.53 100.00%
6	वर्ष में पूंजीगत लेखे से की गई और उसमें शामिल न की गई भंडार और सामग्री (अनुभाग) की कुल खरीद	शून्य	शून्य

21. लेखा-परीक्षकों को पारिश्रमिक :

(लाख रूपयो में)

विवरण	2012-13	2011-12
मुख्य महालेखापरीक्षक को लेखा परीक्षक के रूप में	35.00	30.00
कराधान मामले के सापेक्ष कर लेखा-परीक्षकों को	2.40	7.30
आंतरिक लेखा परीक्षक	4.11	5.86
प्रमाणन सहित प्रबंधन सेवा	15.25	22.83
योग	57.76	65.99

22. कर्मचारियों की संख्या तथा उन पर किए गए व्यय का विवरण :

कोटि	2012-13	2011-12
श्रेणी		
I	182	177
II	51	48
II	1366I	1387
IV	107	106
कुल कर्मचारी (संख्या में)	1706	1718
कर्मचारी पारिश्रमिक (करोड़ रुपयों में)	182.09	141.81

20. VALUE OF IMPORT S (CIF) :

The values of imports calculated on CIF basis and expenditure in foreign currency are given below:

(Rs. in Crs.)

Sr. No.	Particulars	2012-13	2011-12
1	Consumables & spare parts	3.13	4.25
2	Capital Goods	28.22	140.62
3	Expenditure in foreign currency for Training, D.A., Conference expenses, Maintenance contracts etc.	0.01	0.04
4	Expenditure in foreign currency for subscription etc.	0.45	0.06
5	Value of imported & indigenous spare parts consumed and % to total consumption (Rs. In Crs.)	Imported 3.13 28.98%	Imported 4.25 44.60%
		Indigenous 7.67 71.02%	Indigenous 5.28 55.40%
		Total 10.80 100.00%	Total 9.53 100.00%
6	Total purchase of stores and materials made on capital A/c during the year and not included in capital A/c.	NIL	NIL

21. REMUNERATION TO AUDITORS :

Rs. In lakhs

Particulars	2012-13	2011-12
As Auditors to CAG	35.00	30.00
Tax Auditors in respect of Taxation Matter	2.40	7.30
Internal Auditor	4.11	5.86
Management Services including Certification	16.25	22.83
Total	57.76	65.99

22. DETAILS OF STAFF STRENGTH AND EXPENDITURE INCURRED THEREON :

Category	2012-13	2011-12
Class		
I	182	177
II	51	48
III	1366	1387
IV	107	106
Total Staff (in Nos.)	1706	1718
Employees remuneration (Rs. In Crs.)	182.09	141.81

23. कुछ मदों पर किया गया व्यय.

(करोड़ रु. में)

विवरण	2012-13	2011-12
भंडारों तथा कलपुर्जों की खपत	10.80	9.53
बिजली, ईंधन एवं जल	124.56	104.88
मरम्मत एवं अनुरक्षण	30.45	39.69
वेतन, मजदूरी एवं बोनस	182.09	141.81
भविष्य निधि एवं अन्य निधियों में अंशदान	134.29	75.05
कर्मचारी कल्याण व्यय	22.50	22.10
चिकित्सा व्यय	13.07	11.64
बीमा	2.78	4.82
आय पर करों को छोड़कर दरें एवं कर	1.80	2.20
सामान्य व्यय	53.18	14.79
योग	575.53	426.51

24. 31 मार्च, 2013 को आकस्मिक देयताएँ निम्नलिखित हैं :

(क) विभिन्न ठेकेदारों के ऐसे दावे जो मध्यस्थता/मुकदमेबाजी/विवाद के अधीन हैं एवं जिन्हें लेखों में देयताओं के रूप में नहीं दिखाया गया है वे रु. 103.78 करोड़ के हैं।

(ख) लवण पटल भूमि की मुकदमेबाजी के अधीन क्षतिपूर्ति के दावे रु. 25.00 करोड़ के हैं

(ग) हनुमान कोलीवाड़ा के दूसरे पुनर्वास पर किया गया रु. 5.69 करोड़ का व्यय।

(घ) बीओटी प्रचालकों को बिजली के वितरण के लिए एमएसईडीसीएल व्दारा लगाई गई दंड की राशि रु.229 करोड़ है (जून 2003 से दिसम्बर 2012 तक)

(ङ) केएचआईसी निर्मित तीन आरएमक्यूसी क्रेनों के रु.83.81 करोड़ में निपटान के लिए पुन:क्रय विकल्प के विरुध्द सीमा शुल्क आयुक्त व्दारा आदेश पारित किया गया।

(च) परियोजना प्रभावित व्यक्तियों की 12.5 प्रतिशत योजना के तहत 160 हेक्टेयर भूमि के विकास की लागत सहित कुल लागत लगभग रु. 172.58 करोड़ है, क्योंकि सरकार से निर्णय की प्रतीक्षा है।

25. विशेष उद्देश्य कम्पनी :

ज. ने. पत्तन को सड़क से जोड़ने के लिए न्यास ने सिडको, महाराष्ट्र सरकार एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ एक समझौता ज्ञापन तैयार किया। तद्नुसार, मुंबई - ज. ने. पत्तन सड़क कम्पनी के नाम से एक विशेष उद्देश्य कम्पनी प्रारंभ की गई जिसका पंजीकृत कार्यालय दिल्ली में है। पहले चरण में परियोजना की अनुमानित लागत रु. 357.80 करोड़ है जिसमें रु. 100 करोड़ की व्यवस्था इक्विटी से होगी और शेष प्रवर और अवर ऋण से होगी।

23. EXPENDITURE ON CERTAIN ITEMS :

(Rs in Crs.)

Particulars	2012-13	2011-12
Consumption of stores and spares	10.80	9.53
Power Fuel & Water	124.56	104.88
Repairs & Maintenance	30.45	39.69
Salaries wages and bonus	182.09	141.81
Contribution to P.F. And other funds	134.29	75.05
Employee welfare expenses	22.50	22.10
Medical Expenses	13.07	11.64
Insurance	2.78	4.82
Rates and Taxes excluding taxes on income	1.80	2.20
General Expenses	53.18	14.79
Total	575.53	426.51

24. CONTINGENT LIABILITIES AS ON 31ST MARCH 2013 ARE AS FOLLOWS:-

a) Claims from the various contractors which are under Arbitration/ litigation/dispute and which are not provided in the books as liabilities works out to Rs. 103.78 Crs.

b) Compensation claimed for Saltpan land under litigation is Rs.25.00 Crs.

c) Expenditure on 2nd rehabilitation of Hanuman Koliwada amounting to Rs. 5.69 Crs.

d) Penalty imposed by MSEDCL for distribution of Electricity to BOT operators is Rs.229 Crs. (From June 2003 to December,2012).

e) Order pass by Commissioner of Custom against by back option for disposal of three RMQC's of KHIC make for Rs. 53.81 Crs.

f) The total cost inclusive of development of 160 hectares of land under 12.5 Schemes for PAP is Rs. 172.58 Crs. approximately, as decision is awaited from the Government.

25. SPECIAL PURPOSE VEHICLE :

JNPT has executed a memorandum of understanding with CIDCO, Govt. of Maharashtra and National Highway Authority of India for providing road connectivity to JN Port. Accordingly, a special purpose vehicle has been floated under name and style of Mumbai-JNP Port Road Co. Ltd. having its registered office in the State of Delhi. The estimated cost of project under Ph-I is Rs. 357.80 Crs. out of

इक्विटी में ज. ने. प. न्यास का योगदान रु. 40 करोड़ एवं अवर ऋण रु. 60 करोड़ है जो कि कुल मिलाकर रु. 100 करोड़ हैं । अवर ऋण बैंक/वित्तीय संस्थान के पक्ष में सहूलियत-पत्र जारी करके भी प्रतिस्थापित किया जा सकता है । ज. ने. पत्तन ने अब तक विशेष उद्देश्य कम्पनी की इक्विटी में रु. 40 करोड़ का योगदान किया है एवं शर्तों के अनुसार 4 प्रतिशत वार्षिक की दर से रु. 30 करोड़ (अप्रैल, 05) का ऋण दिया है । वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान विशेष उद्देश्य कम्पनी ने रु. 10.00 करोड़ प्रत्येक (मई एवं अगस्त 2011) की दो किस्तों में रु. 20.00 करोड़ तक का ऋण चुका दिया है ।

निबंधनों के अनुसार 4 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज को 31 मार्च, 2012 तक लेखों में दर्ज किया गया है । जुलाई 2012 के दौरान विशेष उद्देश्य कम्पनी ने टीडीएस काटकर रु.18.74 करोड़ का पूरा बकाया ब्याज अदा किया।

26. ज.ने.प. न्यास के कंटेनर वहन स्थानक तथा बफर यार्ड के संबंध में लाइसेंस :

मेसर्स सी डब्लू सी को 31/12/2005 को दिए गए पूर्व के लाइसेंस की समाप्ति पर जने पत्तन द्वारा कंटेनर फ्रेट स्टेशन एवं बफर यार्ड के प्रबंधन, अनुरक्षण एवं प्रचालन के लिए नया लाइसेंस मेसर्स स्पीडी ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. (एसटीपीएल) मुंबई को 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया गया है जिसे अगले 10 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है । इस करार में सौंपी गई परिसम्पत्तियों के पट्टे किराए के भुगतान एवं लाइसेंस करार की शर्तों के अनुसार प्रहस्तित टीइयू हेतु रायल्टी का प्रावधान है । लाइसेंस की शर्तों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान पट्टा किरायों, रायल्टी एवं एमजीटी में कमी के विरुद्ध मेसर्स एसएमएल से जनेपन्यास को प्राप्त राशि निम्नलिखित रूप से है :

विवरण	2012-13	2011-12
रायल्टी	5.97	6.20
पट्टा किराए	15.67	14.93
एम जी टी में कमी (रायल्टी सहित)	1.10	1.11

27. धारा 80 के आयकर अधिनियम के दावे

पत्तन ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित बुनियादी सुविधाओं के लिए आयकर अधिनियम की धारा 80 आईए के तहत कर में लाभ पाने के लिए आवेदन किया है ;

क) मे. गेटवे टर्मिनल ऑफ इंडिया प्रा. लि. (एपीएम टर्मिनल/जीटीआईपीएल) से अर्जित राजस्व

ख) सितम्बर 2011 में तीन रेल माउटेंड की क्रेन (आरएमकयूसी) खरीदकर संस्थापित की गईं ।

ग) 2006-07 में दो रेल माउटेंड गंत्री क्रेन (आरएमजीसी) खरीदकर संस्थापित की गईं ।

which equity is Rs.100 Crs. and balance by Senior Debt and Sub-ordinate Debt. JNP contribution in the equity is limited to Rs.40 Crs. and Sub-ordinate Debt Rs.60 Crs. aggregating to Rs.100 Crs. The sub-ordinate debt can also be replaced by issuing of letter comfort in favour of Bank/Financial Institution. JNP has so far fully contributed Rs.40 Crs.in the equity of SPV and has provided debt of Rs.30 Crs.(April'05) carrying an interest rate of 4% p.a. as per terms. During the financial year 2010-11 SPV repaid debt to the extent of Rs.20.00 Crs.in two instalments of Rs.10.00 Crs.each (May & Aug. 2011).

As per terms, interest @ 4% p.a. has been provided in books of accounts upto 31st March, 2012. During July'2012 the SPV paid the entire interest outstanding amounting to Rs. 18.74 Crs. net of TDS.

26. LICENSE IN RESPECT OF CFS & BUFFER YARD OF JNPT :

On expiry of earlier license awarded to M/s CWC on 31/12/2005, a fresh license for Management, Maintenance & Operations of CFS & BY of JNP was awarded to M/s. Speedy Multimodes Ltd. (formerly known as Speedy Transport Pvt Ltd, (STPL)), Mumbai, for a period of 20 years, further extendable by 10 years. The Agreement provides for payment of lease rentals for assets handed over, and royalty for TEUs handled as per conditions of License Agreement. The amounts which accrued in JNPT from M/s SML, during the Financial year 2012-13 towards lease rentals, royalty and shortfall in MGT as per conditions of License are as follows:

(Rs in Crs.)

Particulars	2012-13	2011-12
Royalty	5.97	6.20
Lease rentals	15.67	14.93
Shortfall in MGT (included in Royalty)	1.10	1.11

27. SECTION 80 IA CLAIMS :

The Port has made an application during the year for availing Tax benefit u/s 80IA of the Income Tax Act for the following infrastructure facilities:-

a) Revenue earned from M/s Gateway Terminals of India Private Limited (APM Terminal / GTIPLs).

b) Three Rail Mounted Quay Cranes (RMQC) purchased and installed in September 2011.

c) Two Rail Mounted Gantry Cranes (RMGC) purchased and installed in 2006-07.

28. जनेपन्यास के करमुक्त बॉन्ड

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर मंडल ने दि.6 नवम्बर,2012 की अधिसूचना सं.46/2012एफ सं.178/60/2012(आईटीए-1) के अनुसार जनेप न्यास को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10(15)(iv) (एच) के तहत सुरक्षित करमुक्त प्रतिदेय अपरिवर्तनीय बॉन्डों को जारी करके एक समग्र राशि जो रु.2000 करोड़ से अधिक न हो उगाहने के लिए प्राधिकृत किया।

पोत-परिवहन मंत्रालय ने दि.12 नवम्बर,2012 के उनके पत्र सं.पीडी-24015/1/2012-पीडी. III के अनुसार जनेपन्यास व्दारा करमुक्त बॉन्डों को जारी करने की मंजूरी दी तथा दि.4 जनवरी, 2013 के पत्र सं.पीडी-11015/25/2012-पीडी.VI के अनुसार रु.2000 करोड़ के बॉन्डों को जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन ,वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत निर्दिष्ट निबंधनों एवं शर्तों, महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 66(3) की अधिसूचना के अनुसार दिया।

अपेक्षाओं के अनुसार जारी बॉन्डों का दर निर्धारण मेसर्स क्रिसिल एवं मे, ब्रिकवर्क रेटिंग इं.प्रा.लि.व्दारा किया गया। ब्याज के भुगतान एवं पूंजी की वापसी के संबंध में अधिकतम सुरक्षा दर्शाते हुए मेसर्स क्रिसिल व्दारा एएए और मे.ब्रिकवर्क द्वारा एएए (जिसका उच्चारण बी डब्लू आर ट्रिपल ए भी किया जाता है) बॉण्डों का दर निर्धारण किया गया।

जनेपन्यास व्दारा करमुक्त बॉन्ड जारी करने को दि.15 फरवरी, 2013 के एस ओ सं.378/ई के अनुसार भारत के राजपत्र में भी अधिसूचित किया गया था।

सारी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद विवरण पत्र का मसौदा सेबी के पास फाईल किया गया था, लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने की अंतिम तारीख 4 मार्च, 2013 थी जिसे 6 मार्च, 2013 तक बढ़ाया गया। 11मार्च,2013 को इश्यू खोले जाने की तारीख तथा 15 मार्च, 2013 को इश्यू बंद करने की तारीख के साथ विवरण पत्र को 6 मार्च, 2013 को सेबी के पास फाइल किया गया था। बाजार से खराब प्रतिसाद मिलने के कारण तथा मंत्रालय से प्राप्त निदेशों के आधार पर अंतिम तारीख को मंगलवार 19 मार्च, 2013 तक बढाया गया। इश्यू के समाप्ति घंटों के बाद हमारे रजिस्ट्रार व्दारा प्राप्त अंतिम बोली विश्लेषण नीचे दिया जा रहा है :

वर्ग	वैध आवेदनों की सं.	बॉन्डों की सं.	राशि रु. में
वर्ग-I (क्यू आई बी हिस्सा)	1	250000	250000000
वर्ग-II (निगमित हिस्सा)	0	0	0
वर्ग-III (उच्च शुध्द मूल्य व्यक्तिगत)	2	15000	15000000
वर्ग-IV (फुटकर व्यक्तिगत निवेशक हिस्सा)	542	148196	148196000
योग	545	413196	413196000

28. TAX FREE BONDS OF JNPT:

Central Board of Direct Taxes vide Notification No.46/2012.F.No.178/60/2012(ITA.1) dated 6th November 2012 authorized JNPT to raise an aggregate amount not exceeding Rs. 2000 crore through the issue of secured tax free redeemable non-convertible bonds under Section 10(15)(iv)(h) of the Income Tax Act, 1961.

Ministry of Shipping vide their letter No.F.No.PD-24015/1/2012-PD.III dated 12th November 2012 sanctioned issue of Tax Free Bonds by JNPT and vide letter No.PD-11015/25/2012-PD.VI dated 4th January 2013 conveyed the approval of the competent authority for issue of bonds of Rs.2000 Crs. as per the terms and conditions specified under Department of Revenue, Ministry of Finance Notification in terms of Section 66(3) of Major Port Trust Act, 1963.

As per requirements the Bond Issue rating was done by M/s. CRISIL and M/s. Brickwork Rating India Pvt Ltd. The bonds have been rated 'AAA' by M/s. CRISIL and "BWR AAA (Pronounced BWR Triple A)" indicating highest safety with regard to payment of interest and return of capital.

Issue of Tax Free Bonds by JNPT was also notified in the Gazette of India vide SO No.378/E dated 15th February 2013.

After completing all formalities Draft Prospectus was filed with SEBI, the last date for receipt of public comments was 4th March 2013 was extended up to 6th March 2013. Prospectus was filed with SEBI on 6th March 2013 with issue opening date being fixed on 11th March 2013 and issue closing date being 15th March 2013. Owing to poor response from market and based on directions from Ministry, the last date was extended to Tuesday, 19th March 2013.

After issue closing hours the final bid analysis as received from our Registrar is given below:

Category	No. of Valid Applications	No. of Bonds	Amount (In Rs.)
Category I (QIB Portion)	1	250000	250000000
Category II (Corporate Portion)	0	0	0
Category III (High Net Worth Individual)	2	15000	15000000
Category IV (Retail Individual Investor Portion)	542	148196	148196000
Total	545	413196	413196000

प्राप्त आवेदन/बोलियों में से तकनीकी रूप से खारिज होने के बाद रु. 41,31,9600/- राशि के 413196 बांड आबंटित किए गए । बॉन्ड 26 मार्च, 2013 को आंबटित किए गए थे एवं पैसा विभिन्न वसूलीकर्ता बैंकरों से हमारे वसूली लेखें में स्थानांतरित हुआ। आवेदन -राशि पर रु.3.97 लाख के ब्याज का भी भुगतान किया गया।

सूचीबध्द आवेदनों को बॉम्बे स्टॉक एक्सेंज एवं नेशनल स्टॉक एक्सेंज के पास फाइल किया गया था तथा बॉन्डों को 3 अप्रैल, 2013 को सूचीकृत किया गया था।

वयोंकि जनेप न्यास द्वारा जारी बांड सुरक्षित प्रकृति के हैं ,एसबीआईकैप ट्रस्टी कम्पनी लि. के साथ हमारे डिबेंचर ट्रस्टी जसखार गाँव की सर्वे सं. 284 के तहत तथा उरण के उप-रजिस्ट्रार के पास पंजीकृत 1.75 हेक्टेयर कुल भूमि के लिए बंधकनामे में प्रविष्ट हुआ ।

29. सेबी के मार्गदर्शी निर्देशों के अनुसार दँसवे वर्ष की समाप्ति पर बाँडों के पुनर्भुगतान के लिए डिबेंचर प्रतिदान आरक्षित निधि बनाना आवश्यक है । तद्नुसार आरक्षित निधि बनाने के लिए सीएजी की अनुमति प्राप्त कर ली गई है ।

सेबी को दिए गए आश्वासनों के अनुसार डिबेंचर प्रतिदान आरक्षित निधि बनाई गई है। दँसवे वर्ष की समाप्ति पर प्रतिदान देयता की पूर्ति के लिए रु. 41.32 करोड़ की राशि आरक्षित निधि के रूप में अलग रखी गई है ।

30. प्रस्तुतीकरण में एकरूपता तथा समानता बनाए रखने के लिए जहाँ भी आवश्यक था पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनर्समूहित/फिर से तैयार किया गया है ।

ह/-
(सी.रमणी)
प्रभारी मुख्य प्रबंधक (वित्त)

ह/-
(एन.एन.कुमार)
प्रभारी अध्यक्ष

Further taking into account technical rejection for application/bids received 413196 bonds were allotted aggregating to Rs.41,31,96000/-. The Bonds were allotted on 26th March 2013 and money transferred to our collection account with various collecting bankers. Interest on application money amounting to Rs.3.97 lakhs was also paid.

Listing applications were filed with Bombay Stock Exchange and National Stock Exchange and bonds were listed on 3rd April 2013.

Since bonds issued by JNPT are secured, Mortgage Deed was entered into with SBICAP Trustee Company Ltd, our Debenture Trustee for land aggregating to 1.75 hectares under Survey No.284 of Jaskhar Village and registered with Sub-Registrar, Uran.

29. SEBI guidelines require creation of Debenture Redemption Reserve in order to repay the bonds at the end of 10th year. Accordingly permission of CAG has been obtained for creating the reserve.

Debenture redemption reserve has been created as per the assurance given to SEBI. An amount of Rs. 41.32 Crs. has been set apart as reserve for meeting the redemption liability at the end of the 10th year.

30. Previous Years figures have been regrouped /recast wherever necessary to have consistency and uniformity in presentation.

Sd/-
(C. RAMANI)
CHIEF MANAGER (FIN) I/c

Sd/-
(N.N. KUMAR)
CHAIRMAN I/c

जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास
JAWAHARLAL NEHRU PORT TRUST

वार्षिक लेखा एवं लेखा-परीक्षा रिपोर्ट
Annual Accounts & Audit Report
2012-13

लेखा परीक्षा रिपोर्ट
और उस पर की गई कार्रवाई
Audit Report & Action taken thereon
2012-13

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

SEPARATE AUDIT REPORT OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA ON THE ACCOUNTS OF JAWAHARLAL NEHRU PORT TRUST FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2013

महापत्तन न्यास अधिनियम,1963 की धारा 102 (1) के साथ पठित नियंत्रक- महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम,1971 की धारा 19(2) के अंतर्गत हमने 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के संलग्न तुलनपत्र और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा की लेखापरीक्षा की है । यह वित्तीय विवरण जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास प्रबंधन का उत्तरदायित्व है । इन वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर राय देना हमारी जिम्मेदारी है ।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा रिपार्ट में केवल वर्गीकरण, सर्वश्रेष्ठ लेखाकरण नीतियों के साथ अनुरूपता, लेखाकरण मानकों तथा प्रकटीकरण मानकों आदि के संबंध में लेखाकरण प्रक्रिया पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी ए जी) की टिप्पणियों का समावेश है । विधि, नियमों एवं विनियमों (औचित्य एवं नियमितता) के अनुपालन तथा प्रभावशीलता एवं निष्पादन पक्षों आदि के संबंध में वित्तीय लेन-देन पर यदि लेखा-परीक्षा के कोई प्रेक्षण होते हैं तो वे निरीक्षण रिपोर्ट /नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से अलग से बताए जाते हैं ।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार की है । इन मानकों की अपेक्षा के अनुसार हम यह लेखा परीक्षा इस प्रकार करते हैं कि यह आश्वासन प्राप्त हो कि वित्तीय विवरणों में आर्थिक रूप से गलत बयानी नहीं है । लेखापरीक्षा में राशियों के समर्थन में साक्ष्य और वित्तीय विवरणों में प्रकटन की नमूना आधार पर जाँच शामिल है । लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखाकरण सिद्धांतों का मूल्यांकन तथा प्रबंधन द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्राक्कलन और वित्तीय विवरणों के सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का आकलन भी शामिल होता है । हम विश्वास करते हैं कि हमारी लेखा-परीक्षा हमारे द्वारा दी गई राय के लिए एक उचित आधार प्रस्तुत करती है ।

4. लेखा-परीक्षा के आधार पर हम सूचित करते हैं कि -

(i) हमने वे सभी सूचनाएँ और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा करने के लिए प्राप्त करने आवश्यक थे ।

1. We have audited the attached Balance Sheet of the Jawaharlal Nehru Port Trust as at 31st March 2013 and the Profit & Loss Account for the year ended on that date under Section 19(2) of the Comptroller and Auditor General's (Duties, Powers and Conditions of Service) Act, 1971 read with Section 102(1) of the Major Port Trusts Act, 1963. These financial statements are the responsibility of the Jawaharlal Nehru Port Trust's management. Our responsibility is to express an opinion on these financial statements based on our audit.

2. This Separate Audit Report contains the comments of the Comptroller and Auditor General of India (CAG) on the accounting treatment only with regard to classification, conformity with the best accounting practices, accounting standards and disclosure norms, etc. Audit observations on financial transactions with regard to compliance with the Law, Rules & Regulations (Propriety and Regularity) and efficiency-cum-performance aspects, etc. if any, are reported through Inspection Reports/CAG's Audit Reports separately.

3. We have conducted our audit in accordance with auditing standards generally accepted in India. These standards require that we plan and perform the audit to obtain reasonable assurance about whether the financial statements are free from material misstatements. An audit includes examining, on a test basis, evidences supporting the amounts and disclosure in the financial statements. An audit also includes assessing the accounting principles used and significant estimates made by management as well as evaluating the overall presentation of financial statements. We believe that our audit provides a reasonable basis for our opinion.

4. Based on our audit, we report that:

i. We have obtained all the information and explanations, which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit;

(ii) इस रिपोर्ट के तुलन-पत्र तथा लाभ एवं हानि लेखे महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 102 (1) के तहत न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में तैयार किए गए हैं ।

(iii) हमारी राय में और हमारे द्वारा की गई लेखा बहियों की जाँच से यह प्रतीत होता है कि जनेप न्यास ने महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 102 (1) के तहत अपेक्षित लेखा बहियों एवं अन्य सम्बद्ध अभिलेखों का उचित रख-रखाव किया है ।

(iv) हम आगे सूचित करते हैं कि :

क) तुलन-पत्र

1. नियत परिसम्पत्तियाँ (अनुसूची 3) :

1.1 चालू पूंजीगत कार्य - रु. 193.82 करोड़

इसमें राजस्व प्रकृति का रु. 0.38 करोड़ का व्यय (1984 से विश्व बैंक ऋण से खरीदे गए पूँजीगत उपकरणों के कल-पुर्जे) शामिल हैं जिसे राजस्व लेखे में प्रभारित किया जाना चाहिए था । इसे वर्ष 2011-12 में इंगित किए जाने के बाद भी प्रबंधन द्वारा कोई सुधारक कार्रवाई नहीं की गई है । अतः चालू पूँजीगत कार्य एवं लाभ रु. 0.38 करोड़ बढ़ाकर दिखाया गया ।

क. 2 वर्तमान परिसम्पत्ति ऋण एवं अग्रिम (अनुसूची 6)

2.1 निवल विविध देनदार - रु. 494.02 करोड़

इसमें 31 मार्च, 2013 के अनुसार न्हावा शेवा अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल से प्राप्य रू. 4.53 करोड़ की राशि शामिल है । इसमें से रु. 3.50 करोड़ की राशि वर्ष 2004-05 से 2010-11 तक की अवधि के कें.औ.सु.बल के प्रभारों की वसूली न होने से संबंधित है । लाइसेंस करार के खंड 6.82 के अनुसार टर्मिनल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कें.औ.सु.बल की तैनाती के लिए लाइसेंस दाता द्वारा किए गए वास्तविक संगत व्यय का 40 प्रतिशत हिस्सा अदा करने की बाध्यता लाइसेंस धारक की है । तथापि, लाइसेंस धारक ने 2001-02 से 2010-11 की अवधि के कें.औ.सु.बल के प्रभार इस विवाद के आधार पर अदा नहीं किए कि प्रभार ज्यादा लगाए गए हैं । अधिनिर्णय (सितम्बर, 2011) के अनुसार टर्मिनल पर कें.औ.सु.बल के लिए किए गए प्रत्यक्ष एवं संगत प्रभार का 40 प्रतिशत अंश लाइसेंस धारक द्वारा लाइसेंस दाता को अदा किया जाएगा । अधिनिर्णय के अनुसार लाइसेंस धारक रु. 3.50 करोड़ की राशि अदा करने के लिए बाध्य नहीं है । मंडल ने अपनी दिनांक 29 मई, 2013 को आयोजित हुई बैठक में इस अधिनिर्णय को भारत के अतिरिक्त महाधिवक्ता की राय को ध्यान में रखते हुए स्वीकार कर लिया जिसमें कहा गया था कि अधिनिर्णय को चुनौती नहीं दी जा सकती है तथा उसे लागू किया जाए । इसे देखते हुए रु. 3.50 करोड़ की अतिरिक्त राशि को लेखों में समायोजित करने की आवश्यकता है । इससे वर्ष के लिए विविध देनदार और लाभ बढ़ाकर दिखाए गए हैं ।

ii. The Balance Sheet and Profit & Loss Account dealt with by this report have been drawn up in the format approved by the Board of Trustee under Section 102(1) of the Major Port Trust Act, 1963;

iii. In our opinion, proper books of accounts and other relevant records have been maintained by the Jawaharlal Nehru Port Trust as required under Section 102(1) of the Major Port Trust Act, 1963 in so far as it appears from our examination of such books;

iv. We further report that:

A. Balance Sheet

1. Fixed Assets – (Schedule 3)

1.1. Capital Work in progress – Rs. 193.82 crore

This includes Rs. 0.38 crore towards expenditure of revenue nature (spares on capital equipment purchased against World Bank Loan since 1984) which should have been charged to revenue account. Despite this being pointed out during 2011-12, no corrective action has been taken by the Management so far. Thus, Capital work in progress and profit was overstated by Rs. 0.38 crore.

B2. Current Assets Loans & Advances - (Schedule-6)

2.1. Net Sundry Debtor- Rs 494.02 crore

This includes an amount of Rs. 4.53 crore receivable from Nhava Sheva International Container Terminal (NSICT) as on 31 March, 2013. Out of this, an amount of Rs.3.50 crore pertains to non recovery of CISF charges for the period 2004-05 to 2010-11. As per clause 6.82 of the license agreement, the licensee is liable to pay 40 per cent to actual relevant expenditure incurred by the licensor on the deployment of CISF security arrangement at the terminal. However the licensee has not paid CISF charges due to dispute on the excess charging of CISF charges for the period 2001-02 to 2010-11. As per the Arbitration Award (September 2011) the licensee shall pay to the licensor at 40 per cent of CISF direct and relevant charges incurred for the terminal. In accordance with arbitration award the licensee is not liable to pay Rs.3.50 crore. The Board in its meeting held on 29 May 2013 has accepted the arbitration award taking in view, the opinion of Additional Solicitor General of India, that the subject matter cannot be challenged and the award may be implemented. In view of this the excess amount of the Rs.3.50 crore needs to be adjusted in the accounts. This has resulted in overstatement of sundry Debtors and Profit for the year.

क.2.2 बैंक में नकद - रु. 66.40 करोड़

इसमें वर्ष 1999 से 2009 तक की अवधि के लिए वसूली हेतु भेजे गए किन्तु समाशोधित नहीं किए गए चेकों (वैधता अवधि के बाद के चेक) के लिए वर्गीकृत रु. 12.14 लाख की राशि शामिल है । बैंक में नकद में वैधता अवधि के बाद के चेकों को शामिल करने से बैंक शेष इस सीमा तक बढ़ाकर दिखाया गया तथा विविध देनदार उसी सीमा तक कम दिखाए गए । पिछली लेखा परीक्षा में यह इंगित किए जाने के बाद भी सुधारक कार्रवाई अभी प्रतीक्षित है ।

क.3 वर्तमान देयताएँ तथा प्रावधान (अनुसूची - 7)

क.3.1 सेवा निवृत्ति लाभों के लिए लेनदार - रु. 38.30 करोड़

भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार सेवानिवृत्ति निधि, उपदान निधि एवं अवकाश नकदीकरण निधि पर कुल देयता 31 मार्च, 2013 को रु. 558.55 करोड़ थी । इसके विरुद्ध रु. 11.36 करोड़ के अंशदान सहित निधि का मूल्य रु.462.56 करोड़ था तथा वर्ष के दौरान रु. 122.90 करोड़ का प्रावधान किया गया है । बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार रु. 95.99 करोड़ तक की देयताओं में कमी के लिए वर्ष के दौरान पूरी तरह से प्रावधान नहीं किया गया है । लेखाकरण मानक 15 के अनुसार वर्ष के दौरान सेवा निवृत्ति लाभों पर बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार देयता के लिए प्रावधान न किए जाने के कारण कर्मचारी सेवानिवृत्ति लाभ के लिए प्रावधान कम दिखाया गया तथा वर्ष के लाभ को रु. 95.99 करोड़ से बढ़ाकर दिखाया गया ।

ख. लेखा परीक्षा टिप्पणियों का लेखों पर प्रभाव

पूर्ववर्ती पैराओं में दी गई टिप्पणियों का वास्तविक प्रभाव यह है कि दि. 31 मार्च, 2013 की परिसंपत्तियों को रु. 3.88 करोड़ से बढ़ाकर तथा देयताओं को रु. 95.99 करोड़ से कम करके दिखाया गया और वर्ष के लिए व्यय के ऊपर आय की अधिकता को रु. 99.87 करोड़ बढ़ाकर दिखाया गया ।

ग) प्रबंधन पत्र

लेखा परीक्षा रिपोर्ट में जिन कमियों को शामिल नहीं किया गया है उनको निवारक/सुधारक कार्रवाई के उद्देश्य से अलग से जारी एक प्रबंधन पत्र के द्वारा संगठन के ध्यान में लाया गया है ।

(v) पूर्व के अनुच्छेदों के प्रेक्षणों के अधीन सूचित किया जाता है कि इस प्रतिवेदन में बताए तुलन पत्र और लाभ-हानि लेखा बहीखातों से मेल खाते हैं ।

(vi) हमारी राय में और हमें दी गई सर्वोत्तम सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, लेखाकरण नीतियों और लेखा टिप्पणियों के साथ पठित तथा उपर्युक्त उल्लिखित महत्वपूर्ण विषयों और इस लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के अनुबंध-I में उल्लिखित अन्य विषयों के अधीन उक्त वित्तीय विवरण भारत में सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखाकरण सिद्धान्तों की अनुरूपता की दृष्टि से सही एवं उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं जहाँ तक कि वे :

2.2. Cash at Bank - Rs.66.40 crore

This includes Rs.12.14 lakh classified as cheques sent for collection but not yet cleared for the period from 1999 to 2009 (Cheque beyond validity period). Adding cheques beyond validity period to cash at bank resulted in overstatement of Bank Balance to that extent with corresponding understatement of Sundry Debtors. Despite being pointed out in previous audit, corrective action is still awaited.

A.3. Current Liabilities & Provision – Schedule 7

3.1. Creditors for Retirement Benefits - Rs. 38.30 crore

According to actuarial valuation done by the Life Insurance Corporation of India, there was total liability of Rs. 558.55 crore on account of Pension Fund, Gratuity Fund and Leave Encashment Fund as on 31 March 2013. Against this, fund value was Rs.462.56 crore including contribution of Rs.11.36 crore and provision of Rs.122.90 crore has being paid/made during the year. The shortfall liability to the extent of Rs. 95.99 crore as per the actuarial valuation has not been fully provided during the year. Non provision of liability as per actuarial valuation during the year on Retirement benefits in accordance with AS 15 has resulted in understatement of provision for Employees Retirements benefits and overstatement of the profit for the year by Rs. 95.99 crore.

B. Effect of Audit Comments on Accounts

The net impact of the comments given in preceding paras is that the assets as on 31 March 2013 were overstated by Rs. 3.88 crore, the liabilities were understated by Rs.95.99 crore and the Excess of Income over Expenditure for the year was overstated by Rs. 99.87 crore.

C. Management Letter

Deficiencies which have not been included in the Audit Report have been brought to the notice of the Organization through a management letter issued separately for remedial/corrective action.

v. Subject to our observations in the preceding paragraphs, we report that the Balance Sheet and Profit and Loss Account dealt with by this report are in agreement with the books of accounts.

vi. In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the said financial statements read together with the Accounting Policies and Notes to Accounts, and subject to the significant matters stated above and other matters mentioned in Annexure-I to this Audit Report, give a true and fair view in conformity with accounting principles generally accepted in India:

(क) जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के कार्यो की स्थिति के 31 मार्च, 2013 के अनुसार तुलन पत्र से संबंधित हैं, तथा

(ख) उक्त तारीख को समाप्त वर्ष को पत्तन के लाभ के लाभ तथा हानि लेखा से संबंधित हैं ।

5. जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के पिछले तीन वर्षों के संक्षिप्त वित्तीय परिणाम दिखाने वाले लेखों का पुनर्विलोकन अनुबंध-II में प्रस्तुत किया गया है ।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा
परीक्षक के लिए तथा उनकी ओर से

(**वाई. एन. ठाकरे**)
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा के प्रधान निदेशक
एवं पदेन सदस्य, लेखा-परीक्षा मंडल-I, मुंबई

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 सितम्बर, 2013

a. In so far as it relates to Balance sheet of the state of affairs of the Jawaharlal Nehru Port Trust as at 31st March 2013; and

b. In so far as it relates to Profit and Loss Account of the Profit for the year ended on that date.

5. A review of accounts showing the summarized financial results of the Jawaharlal Nehru Port Trust for the last three years is given in **Annexure –II.**

For and on behalf of the
Comptroller & Auditor General of India

(Y. N. Thakare)
Principal Director of Commercial Audit &
Ex-officio Member Audit Board-I, Mumbai

Place : Mumbai
Date : 25 September 2013

अनुबंध - I
ANNEXURE - I

1. **आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता :**

पत्तन की वर्तमान आंतरिक लेखा प्रणाली कमजोर है क्योंकि वह स्वतंत्र रूप से स्थापित नहीं है । इसमें कार्य व्यवहार के अनुरूप कार्य करने वाले लोगों की संख्या भी कम है । आंतरिक लेखा परीक्षा के कार्यों के लिए वित्त विभाग के ही एक अधिकारी को इस कार्य में लगा दिया गया है । अब तक आंतरिक लेखा परीक्षा मैनुअल भी नहीं तैयार किया गया है । आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली स्वतंत्र नहीं है क्योंकि लेखा परीक्षक पत्तन के प्रधान अधिशासी (अध्यक्ष) को रिपोर्ट नहीं करते हैं । वर्ष के दौरान पत्तन ने आंतरिक लेखा परीक्षक के रूप में व्यावसायिक सनदी लेखाकार फर्म को नियुक्त किया है और उसने वित्त विभाग, चिकित्सा विभाग, नि.प्र.ह. आय, प्रशासन विभाग, सम्पदा तथा पयोवि विभाग की अप्रैल, 2012 से सितम्बर, 2012 की अवधि के लिए लेखा परीक्षा की है। रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को अनुपालन हेतु परिचालित की गई है ।

2. **आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता**

अधिकारियों को दी गई प्रशासनिक तथा वित्तीय शक्तियों को दर्शाते हुए एक संगठन चार्ट तैयार किया गया है । एक व्यवस्थित एवं केंद्रीकृत लेखाकरण प्रणाली/पद्धति जिसे पाँच अंकों तक उपयुक्त रूप से कूट किया गया है, प्रचलन में है । माँग, प्रसंस्करण, समापन एवं भुगतान अलग-अलग अनुभागों व्दारा किए जाते हैं ताकि प्रक्रियाओं पर समुचित नियंत्रण रहे । व्यय पर नियंत्रण के लिए संतोषजनक बजट नियंत्रण प्रणाली है।

3. **नियत परिसम्पत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन की व्यवस्था :**

पत्तन ने वर्ष 2012-13 के लिए नियत परिसम्पत्तियों का स्वतंत्र रूप से प्रत्यक्ष सत्यापन किया है । जनेपन्यास ने केवल विभिन्न विभागों से प्राप्त परिसम्पत्तियों की सूची प्रस्तुत की है।

4. **सांविधिक देयों के भुगतान में नियमितता :**

सांविधिक देयों का भुगतान जनेप न्यास द्वारा नियमित रूप से किया गया, तथापि पट्टेदारों से आनेवाले पट्टा किराये पर सेवा कर वसूल नहीं किया गया और उसे सेवा कर नियमों के अनुसार अदा किया गया।

5. **वस्तुसूची के प्रत्यक्ष सत्यापन की प्रणाली :**

वर्ष 2012-13 के लिए भण्डार अनुभाग की अभिरक्षा एवं नियंत्रण के तहत आने वाले भण्डारों एवं कलपुर्जों का प्रत्यक्ष सत्यापन वित्त विभाग के अधिकारी द्वारा किया गया है ।

(सी. एस. पनवर)
उप निदेशक

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 सितम्बर, 2013

1. **Adequacy of Internal Audit System:**

The Internal Audit System existing in the Port is weak, as it has not evolved an independent system. It is not equipped with sufficient manpower commensurate with the volume of transactions. An officer has been diverted from Finance Department for internal audit assignments. Internal audit manual has not been prepared so far. The internal audit system is not independent of the accounting functions, as the auditors are not reporting to the Chief Executive of the Port (Chairman). During the year the Port had appointed a professional Chartered Accountant firm as Internal Auditor and he has carried the audit of Finance department, Medical department, BOT Income, Administration department and Estate and PPD department for the Period April 2012 to September 2012. The report is circulated among the concerned officers for compliance.

2. **Adequacy of Internal Control System:**

An organizational chart showing administrative as well as financial powers to its officers has been drawn up. A systematic and centralized accounting system/procedure suitably coded up to five digit level is in vogue. The indent, processing, finalization and payment functions are carried out by different sections to have proper control on the processes. There is adequate budget control system for the purpose of controlling the expenditure.

3. **System of Physical verification of fixed assets:**

Physical verification of fixed assets for the year 2012-13 has been done independently. JNPT only furnished a list of assets obtained from different departments.

4. **Regularity in payment of statutory dues:**

The Port was regular in making payment of statutory dues; however service tax on lease rental from lessees has not been recovered and paid as per the service tax rules.

5. **System of Physical verification of inventory:**

Physical verification of stores and spares under the custody and control of Store Section was conducted for the year 2012-13 by an officer from Finance section.

(C. S. Panwar)
Deputy Director

Place : Mumbai
Dated : 25 September 2013

अनुबंध - II
ANNEXURE - II

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा 31 मार्च, 2013 को समाप्त पिछले तीन वर्षों के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के लेखों की समीक्षा

Review of Accounts of Jawaharlal Nehru Port Trust for the last three years ended 31 March 2013 by the Comptroller and Auditor General of India

1. वित्तीय स्थिति / Financial position

पिछले तीन वर्षों में विस्तृत शीर्षों के अंतर्गत पत्तन न्यास की वित्तीय स्थिति इस प्रकार रही :
Financial position of the Port Trust under the broad headings for the last three years was as follows: -

लेखा परीक्षा प्रेक्षण / Audit Observations (करोड़ रुपयों में / Rs. in Crore)

विवरण/Particulars	2010-11	2011-12	2012-13
(क) देयताएँ / (A) LIABILITIES	2010-11	2011-12	2012-13
i) पूंजी आरक्षित / Capital Reserve	1851.98	2000.53	2248.06
ii) अन्य आरक्षित / Other Reserve	2283.04	2751.13	3008.55
iii) एडीबीसे उधार ऋण / Borrowing-Loan from ADB	-	-	-
iv) आस्थगित कर देयताएँ / Deferred Tax Liability	81.53	89.39	97.18
v) प्रतिभूत ऋण / Secured Loan	-	-	41.32
vi) वर्तमान देयताएं तथा प्रावधान / Current Liabilities & Provisions	989.22	1276.16	1832.36
योग / Total	**5205.77**	**6117.21**	**7227.47**
(ख) परिसम्पत्तियाँ / (B) ASSETS			
I) नियत परिसम्पत्तियाँ (सकल खंड) / Fixed Assets (Gross Block)	1493.41	1642.16	1764.63
ii) घटाएँ : मूल्यह्रास / Less: Depreciation	507.05	545.58	588.68
iii) निवल नियत परिसम्पत्तियाँ / Net fixed Assets	986.36	1096.58	1175.95
iv) चालू कार्य / Work-in-Progress	93.96	86.95	193.82
v) नि.प्र.ह. प्रचालक को हस्तांतरित शेड Shed handed over to BOT Operators	42.71	40.90	39.08
vi) निवेश / Investments	77.50	70.05	40.00
vii) वर्तमान परिसम्पत्तियाँ / Current Assets	4005.23	4822.71	5778.62
योग / Total	**5205.77**	**6117.21**	**7227.47**

लेखा परीक्षा प्रेक्षण / Audit Observations

(करोड़ रुपयों में / Rs. in Crore)

विवरण/Particulars	2010-11	2011-12	2012-13
ग. कार्यचालन पूंजी * / (C) Working Capital *	3016.01	3546.55	3946.26
घ. निवल मूल्य ** / (D) Net worth**	4135.02	4751.66	5256.61
च. नियोजित पूंजी*** / (E) Capital Employed***	4002.37	4643.13	5122.21
छ. नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ **** (प्रतिशत में) / (F) Return on Capital (%) Employed ****	13.58%	13.28%	9.86%
ज. नियोजित पूंजी (चालू कार्य सहित) / (G) Capital Employed (including Work-in-Progress)	4096.33	4730.09	5316.03
झ. नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (चालू कार्य सहित) (H) Return on Capital Employed (including Work-in-Progress) (%)	13.27%	13.04%	9.50%

* कार्यचालन पूंजी वर्तमान परिसम्पत्तियों में से वर्तमान देयताओं को घटाकर निकाली गई राशि को दिखाती है ।

Working Capital represents Current Assets minus Current Liabilities.

** निवल मूल्य पूंजी आरक्षित और अन्य आरक्षित (पेंशन निधि को छोड़कर) अधिशेष जोड़कर/संचित घाटा या आस्थगित राजस्व व्यय को निकालकर प्राप्त राशि को दिखाता है ।

Net Worth represents Capital Reserves and Other Reserves (excluding Pension Fund) plus Surplus/less accumulated deficit of deferred revenue expenditure.

*** नियोजित पूंजी निवल नियत परिसम्पत्तियों तथा कार्यचालन पूंजी (ऊपर दिखाए गए अनुसार परिकलन करके) को जोड़कर प्राप्त राशि को दिखाती है ।

Capital Employed represents net fixed Assets plus working Capital (worked out as indicated above)

**** प्रतिलाभ की दर कुल नियोजित पूंजी पर हुए निवल अधिशेष के प्रतिशत को दिखाती है ।

Rate of Return represents percentage of Total Surplus to Capital Employed.

2. कार्यचालन परिणाम / Working results

पत्तन के 31 मार्च, 2013 को समाप्त पिछले तीन वर्षों के जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के कार्यचालन परिणाम सारांश रूप से नीचे दिए जा रहे हैं :
The working results of Jawaharlal Nehru Port Trust for the last three years ending 31 March 2013 are summarized below: -

लेखा परीक्षा प्रेक्षण / Audit Observations (करोड़ रुपयों में / Rs. in Crore)

विवरण/Particulars	2010-11	2011-12	2012-13
(क) राजव / (A) Revenue			
(i) प्रचालन आय / Operating Income	1122.64	1167.15	1097.87
(ii) गैर प्रचालन आय / Non-Operating Income	166.37	280.17	397.96
योग / Total	1289.01	1447.32	1495.83
(ख) व्यय / (B) Expenditure			
(i) प्रचालन व्यय / Operating Expenditure	444.46	499.63	608.70
(ii) गैर-प्रचालन व्यय / Non-Operating Income	57.53	79.11	156.67
योग / Total	501.99	578.74	765.37
(ग) विनियोग से पहले निवल अधिशेष (कर तथा आधारण मदों के पहले) **(C) Net Surplus before appropriation (before Tax & EOI)**	787.02	868.58	730.46
घटाएँ : आधारण मदें / Less : Extra Ordinary Items	शून्य	शून्य	शुन्य
घटाएँ : कर के लिए प्रावधान / **Less :** Provision for Tax	243.08	275.92	225.79
घटाएँ : पूर्व अवधि समायोजन / **Less:** Prior Period Adjustment	0.34	(24.37)	(0.29)
(घ) निवल अधिशेष (कर तथा आधारण मदों के बाद) (D) Net Surplus (After Tax & EOI)	**543.59**	**617.03**	**504.96**
जोड़ें : कल्याण व्यय / Add: welfare expenditure WE	0.22	0.24	0.24
जोड़ें : अवसंरचना आरक्षित निधि / Add: Infrastructure reserve	-	-	16.30
(ङ) घटाएँ : आज्ञापक विनियोग/आरक्षित, निधियों आदि में स्थानांतरण (E) Less: Mandatory Appropriation/Transfer to Reserve Funds	383.29	386.02	357.50
(च) सामान्य आरक्षित निधि में स्थानांतरित अधिशेष (F) Surplus transferred to General Reserve Fund	**160.52**	**231.26**	**164.00**
(छ) निवल अधिशेष का प्रतिशत : (G) Percentage of Net Surplus to			
(i) प्रचालन आय / Operating income (%)	48.42	52.87	45.99
(ii) निवल नियत परिसम्पत्तियाँ / Net fixed assets (%)	55.11	56.27	42.94
(iii) निवल मूल्य / Net Worth (%)	13.15	12.99	9.61

3. अनुपात विश्लेषण (परिसमापनता एवं ऋण शोधन क्षमता)
Ratio Analysis (Liquidity and Solvency)

परिसमापनता एवं ऋण शोधन क्षमता तथा पत्तन न्यास की वित्तीय स्थिति के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण अनुपातों को नीचे दिखाया गया है :
Some important ratios on liquidity and solvency and on financial health of the Port Trust are shown below:

लेखा परीक्षा प्रेक्षण / Audit Observations

(करोड़ रुपयों में / Rs. in Crore)

		2010-11	2011-12	2012-13
क a	वर्तमान परिसम्पत्तियों से वर्तमान देयताओं का प्रतिशत The percentage of current assets to current liabilities	4.05	3.78	3.15
ख b	विक्रय सुलभ परिसम्पत्तियों से वर्तमान देयताओं का प्रतिशत Percentage of quick assets to current liabilities	0.48	0.38	0.31
ग c	विविध देनदारों से प्रचालनीय आय का प्रतिशत Percentage of Sundry Debtors to Operating Income	0.40	0.41	0.45
घ d	ऋण/पूंजी आरक्षित Debt/Capital Reserve	-	-	1.84
ङ e	निम्नलिखित से कर पूर्व निवल अधिशेष का प्रतिशत Percentage of Net Surplus before tax to :			
	(i) प्रचालनीय आय / Operating income	70.10	74.42	66.53
	(ii) निवल नियत परिसम्पत्तियाँ / Net fixed assets	79.79	79.21	62.12
	(iii) निवल संपत्ति / Net Worth	19.03	18.28	13.90

टिप्पणी : लेखों का यह पुनर्विलोकन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल लेखा परीक्षा प्रेक्षणों/टिप्पणियों पर विचार किए बिना किया गया है ।
NOTE : This Review of Accounts has been prepared without taking into account the audit observations/comments contained in the Audit Report of the Comptroller and Auditor General of India.

(सी. एस. पनवर / C. S. Panwar)
उप निदेशक / Deputy Director

स्थान / Place : मुंबई / Mumbai
दिनांक / Dated : 25 सितम्बर / September 2013

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी

PORT'S REPLY / ACTION TAKEN NOTES FOR SEPARATE AUDIT REPORT OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA ON THE ACCOUNTS OF JAWAHARLAL NEHRU PORT TRUST FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH, 2013

खण्ड सं. Clause No.	विवरण Particulars	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी Port's Reply / Action Taken Note
क/ A	तुलन पत्र / BALANCE SHEET	
क/ A/1.1	नियत परिसम्पत्तियाँ (अनुसूची 3) प्रगति पर पूँजी कार्य : रु. 193.82 करोड़ **Fixed Assets - Schedule 3** **Capital Work in Progress** **Rs. 193.82 Crs.**	
	चालू पूंजी कार्य रु. 0.38 करोड़ बढ़ाकर दिखाना Overstatement of Capital Work in progress amounting to Rs. 0.38 Crs.	विश्व बैंक ऋण (डब्लूआईपीसी III आईएमपी) से खरीदे गए पूँजीगत उपस्करों के कलपुर्जों से संबंधित रु. 0.38 करोड़ की राशि है । पूँजीगत कलपुर्जों से संबंधित अभिलेख बहुत पुराने हैं । मुख्य भंडार से दस्तावेज और अभिलेख भेजने का अनुरोध किया गया है जिसके बाद लेखा बहियों में आवश्यक लेखा प्रविष्टियाँ की जाएँगी । Amount of Rs.0.38 crores pertaining to Spares on Capital equipment purchased against World Bank Loan WIPC III IMP : The records relating to the capital spares are very old. Main Stores have been requested to forward the documents and records after which necessary accounting entries will be passed in the books of accounts.

खण्ड सं. Clause No.	विवरण Particulars	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी Port's Reply / Action Taken Note
क. 2	वर्तमान परिसम्पत्तियाँ - ऋण एवं अग्रिम - अनुसूची - 6	
क. 2.1	निवल विविध देनदार रु. 494.02 करोड़	
	विविध देनदारों के लिए रु. 3.50 करोड़ का प्रावधान न किया जाना ।	निवल विविध देनदारों में से रु. 4.53 करोड़ की राशि दो वर्ष से अधिक समय से बकाया राशि है और रु. 3.5 करोड़ एनएसआईसीटी के अन्य देयों से संबंधित है । रु. 3.5 करोड़ में से 2013-14 के दौरान रु. 0.64 करोड़ समायोजित कर दिए गए हैं । मंडल द्वारा कें.औ.सु.बल के लिए रु. 6.42 करोड़ के प्रभार पर अधिनिर्णय को स्वीकार कर लिए जाने के बाद वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान आवश्यक प्रविष्टियाँ की जाएंगी । इसलिए, लाभ को बढ़ाकर नहीं दिखाया गया है, जैसा कि लेखा परीक्षा ने कहा है ।
A.2	Current Assets Loans & Advances - Schedule-6	
A.2.1	Net Sundry Debtor- Rs 494.02 Crs. Non Provision of Sundry Debtors to the extent of Rs. 3.50Crs.	Out of net Sundry Debtors, Rs.4.53 crores pertains to amounts outstanding for more than 2 years and Rs. 3.5 crores pertains to other dues from NSICT/DP World. Out of Rs.3.5 crores during 2013-14, Rs.0.64 crores is adjusted. In accordance with the decision in the Board accepting arbitration award on CISF charges amounting to Rs. 6.42 crores, necessary entries will be passed in the books during the financial year 2013-14. Therefore, there is no overstatement of profit as stated by Audit.

खण्ड सं. Clause No.	विवरण Particulars	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी Port's Reply / Action Taken Note
क. 2.2	**बैंक में नकद - रु. 66.40 करोड़.** इसमें वसूल किए गए किन्तु समाशोधित नहीं किए गए रु. 12.14 लाख के चेक शामिल हैं ।	यह राशि विभिन्न बैंकों के लिए विचारित बैंक शेष में पूर्ण या आंशिक रूप से नहीं जोड़ी गई है । इसे केवल रोकड़ एवं बैंक समूह के अंतर्गत रखा गया है । यदि आवश्यक हो तो जब तक मामले का हल नहीं हो जाता इसे किसी अन्य वर्तमान परिसम्पत्ति में दिखाया जा सकता है । इस प्रकार, किसी भी बैंक का बैंक शेष बढ़ाकर नहीं दिखाया गया है । यह अंतिम रूप से नहीं कहा जा सकता है कि सभी ऋण विविध देनदारों से संबंधित हैं । किन्तु, ऋणों की जाँच की जा रही है और उचित प्रविष्टियाँ की जाएँगी ।
A.2.2	**Cash at Bank - Rs.66.40 Crs.** This includes cheques sent for collection but not yet cleared amounting to Rs.12.14 lakhs	The amount is not added in part or full with the bank balance considered for the different banks. Only it has been considered under Cash & Bank balances group. If required, till matter is finally reconciled same can be considered under the separate current asset. Hence there is no over statement of Bank balance of any bank. It cannot be conclusively stated that all credits pertains to Sundry Debtors. However, credits are being examined and approximate entries will be passed.
क. 3	**वर्तमान देयताएँ और प्रावधान - अनुसूची 7**	
क. 3.1	**सेवानिवृत्ति लाभों के लिए लेनदार रु. 38.30 करोड़** रु. 95.99 करोड़ के सेवा निवृत्ति लाभ का प्रावधान न किया जाना ।	अनुसूची 24 के बिंदु सं. 5 पर निर्दिष्ट लेखाकरण नीति के अनुसार मद सं. 14 के अंतर्गत लेखों पर टिप्पणियों में यह जानकारी दी गई है । यह राशि संशोधित प्राक्कलन 2013-14 में अनुमोदित किए जाने के बाद वित्तीय वर्ष 2013-14 में दिखाई जाएगी ।
A.3A.3.1	**Current Liabilities & Provision– Schedule 7** **Creditors for Retirement Benefits - Rs. 38.30 Crs.** Non Provision of Retirement Benefits to the extent of Rs. 95.99 Crs.	The information has been disclosed in the notes on accounts under item 14 as per the accounting policy disclosed at point no.5 of schedule 24. The amount will be provided in the Accounts F.Y. 2013-14 after the amount is approved in RE 2013-14.

खण्ड सं. Clause No.	विवरण Particulars	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी Port's Reply / Action Taken Note
ख B	लेखा परीक्षा टिप्पणियों का लेखों पर प्रभाव **Effect of Audit Comments on Accounts**	क.1.1 से क.3.1 तक दिए गए पत्तन के उत्तरों को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च, 2013 को परिसम्पत्तियों को बढ़ाकर तथा देयताओं को घटाकर नहीं दिखाया गया है । इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए व्यय पर आय को बढ़ाकर नहीं दिखाया गया है । In view of Port's replies mentioned at A.1.1 to A.3.1 furnished above there is no overstatement of assets and understatement of liabilities as on 31st March 2013. Similarly there is no overstatement of excess of Income over Expenditure for the financial year 2012-13.
ग C	प्रबंधन का पत्र **Management letter**	प्रबंधन के पत्र पर की गई कार्रवाई अलग से बताई जाएगी । Action taken on Management letter shall be replied separately.

खण्ड सं. Clause No.	विवरण Particulars	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी Port's Reply / Action Taken Note
लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध - I / Annexure –I to Audit Report.		
1.	आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता Adequacy of Internal Audit System	1 अक्तूबर, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक के शेष 6 माह की आंतरिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट मेसर्स तलाटी एन्ड तलाटी, सनदी लेखाकार से प्राप्त हो गई है । Internal Audit Report for the remaining six months 1st Oct-2012 to 31st Mar-2013 has been received from M/s. Talati & Talati, Chartered Accountants.
2.	आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता Adequacy of Internal Control System	तथ्यात्मक । Factual
3.	नियत परिसम्पत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन की प्रणाली System of Physical verification of fixed assets	संबंधित विभागों की प्रत्यक्ष सत्यापन रिपोर्ट प्रबंधन/विभागों द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित करके दे दी गई है । Physical verification report of the respective departments duly authenticated by the management/department has been furnished.
4.	सांविधिक देयों के भुगतान में नियमितता Regularity in payment of statutory dues	तथ्यात्मक । एकत्रित सेवा-कर का भुगतान नियत तारीखों के अंतर्गत कर दिया गया है । Factual. Service tax collected is paid within the due dates.
5.	वस्तुसूची के भौतिक सत्यापन की प्रणाली System of Physical verification of inventory	तथ्यात्मक । Factual

खण्ड सं. Clause No.	विवरण Particulars	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी Port's Reply / Action Taken Note
लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध - II / Annexure –II to Audit Report.		
1.	वित्तीय स्थिति Financial Position	वित्तीय स्थिति में दिखाए गए आंकड़े एतद् द्वारा निम्नलिखित प्रेक्षणों के अधीन सत्यापित किए जाते हैं : The figures mentioned in Financial position are hereby confirmed subject to the following observations:- 1. नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ की गणना करते समय पत्तन ने ब्याज से प्राप्त आय तथा ब्याज भुगतान का समायोजन किया है, जो लेखा परीक्षा द्वारा नहीं किया गया है । While calculating Return on Capital Employed Port makes adjustments for interest earnings & interest paid which has not been made by Audit. 2. नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ के परिकलन के लिए पत्तन द्वारा अपनाई गई विधि लेखा परीक्षा से भिन्न है । पत्तन नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ की गणना करते समय स्रोत से कर कटौती, असाधारण मदों, नि.प्र.ह. प्रचालकों को सौंपे गए शेडों तथा आयकर के प्रावधान हेतु समायोजन करता है । The method followed by the Port differs with that of Audit for calculation of ROCE. Port makes adjustments for TDR, EOI, Sheds handed over to BOT Operators and provision for Income Tax while calculating the ROCE.

खण्ड सं. Clause No.	विवरण Particulars	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी Port's Reply / Action Taken Note
लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध - II / Annexure –II to Audit Report.		
1.	वित्तीय स्थिति Financial Position	3. नियोजित पूंजी (चालू कार्य को छोड़कर) की गणना करते समय लेखा परीक्षा ने चालू कार्य राशि को नियोजित पूंजी (चालू कार्य को छोड़कर) के लिए परिकलित राशि में से घटाया है । नियोजित पूंजी (चालू कार्य को छोड़कर) का वास्तविक आंकड़ा रु. 5122.21 करोड़ के स्थान पर रु. 5316.03 करोड़ होना चाहिए । आगे नियोजित पूंजी (चालू कार्य सहित) की गणना करते समय लेखा परीक्षा ने चालू कार्य राशि को रु. 5122.21 करोड़ में जोड़ा है । नियोजित पूंजी (चालू कार्य सहित) की वास्तविक राशि रु. 5316.03 करोड़ के स्थान पर रु. 5509.85 करोड़ होनी चाहिए । While calculating Capital Employed (excluding working in progress) Audit has deducted the WIP amount from the amount calculated for Capital Employed(excluding working in progress). The actual figure should be Rs.5316.03 Crs. for Capital Employed (excluding working in progress) in place of Rs.5122.21 Crs. Further while calculating Capital Employed (including working in progress) Audit has added WIP amount to Rs.5122.21 Crs. The correct amount for Capital Employed (including working in progress) should be Rs. 5509.85 Crs. in place of Rs.5316.03 Crs. 4. नियोजित पूंजी की सुधारित राशि को ध्यान में रखते हुए नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (चालू कार्य सहित) 9.16 प्रतिशत और नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (चालू कार्य को छोड़कर) 9.50 प्रतिशत होना चाहिए । Considering the corrected amounts of Capital Employed the ROCE (including WIP) should be 9.16% and ROCE (excluding WIP) should be 9.50%.
2.	कार्यचालन परिणाम Working results	कार्यचालन परिणामों में दिखाए गए आंकड़ों को एतद् द्वारा सत्यापित किया जाता है । The figures mentioned in Working results are hereby confirmed.

<table>
<tr><th>खण्ड सं.
Clause No.</th><th>विवरण
Particulars</th><th>पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणी
Port's Reply / Action Taken Note</th></tr>
<tr><td colspan="3">लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध - II / Annexure –II to Audit Report.</td></tr>
<tr><td>3.

क)
a)
ख)
b)</td><td>अनुपात विश्लेषण (परिसमापनता एवं ऋण शोधन क्षमता)
Ratio Analysis (Liquidity and Solvency)
वर्तमान परिसम्पत्तियों तथा वर्तमान देयताओं का अनुपात ।
The ratio of Current Assets to Current Liabilities
विक्रय सुलभ परिसम्पत्तियों तथा वर्तमान देयताओं का अनुपात ।
Ratio of Quick Assets to Current Liabilities</td><td>आंकड़ों को निम्नलिखित के अधीन सत्यापित किया जाता है :
Figures are confirmed subject to the following:-

<table><tr><td>2010-11</td><td>2011-12</td><td>2012-13</td></tr><tr><td>21.65</td><td>23.65</td><td>10.66</td></tr><tr><td>2.56</td><td>2.42</td><td>1.04</td></tr></table></td></tr>
</table>